हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 जून 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने आज चंडीगढ़ में 5 विकास परियोजनाओं का उद्घघाटन व शिलान्यास किया।
- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने चंडीगढ़ में शांति, आपदा प्रतिक्रिया और साइबर सुरक्षा मज़बूत करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय भू- स्थानिक नीति के तहत शुरू की जा रही पहल "ऑपरेशन द्रोणगिरि" के प्रथम चरण में चुने पांच राज्यों में हरियाणा को शामिल किया।
- हरियाणा के खाद्य एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि भारत में डायरेक्ट सेलिंग का बाज़ार 22000 करोड़ रूपये को पार कर गया है।
- गुरुग्राम के मानेसर में 3 और 4 जुलाई को शहरी स्थानीय निकायों का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा।

***********

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने आज केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। इस दौरान चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा उनके साथ रहे। आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें सेक्टर 50 स्थित कॉमर्स कॉलेज में लड़के और लड़कियों के छात्रावास का ब्लॉक , जल घर , सेक्टर 39 में 2,500 किलोवाट का फ्लोटिंग सुर ऊर्जा सयन्त्र, कजहेड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नया ब्लॉक, और सेक्टर 46 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज का आईटी ब्लॉक शामिल है। उन्होंने इसके अतिरिक्त धनास में चंडीगढ़ सशस्त्र पुलिस परिसर में 144 आवासीय इकाइयों के निर्माण की आधारशिला रखी। श्री बंदी संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज जिन पांच प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और

शिलान्यास किया गया वे शहर में शिक्षा, आवास, सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास में व्यापक परिवर्तन का प्रतीक हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने चंडीगढ़ को "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना का सच्चा अवतार बताया। उन्होंने विकास, पारदर्शिता और सुरक्षा में शहर की प्रगति की सराहना की और कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, सड़क और सार्वजनिक परिवहन आधुनिकीकरण, डिजिटल शासन, जीवन-यापन में आसानी की पहल और ग्रीन इंडिया तथा स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन से नागरिकों के जीवन में ठोस सुधार आए हैं। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ द्वारा सबसे पहले नए आपराधिक, नागरिक और साक्ष्य कानूनों को अग्रणी रूप से अपनाना नागरिक सुरक्षा और न्याय वितरण को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने शांति, आपदा प्रतिक्रिया और साइबर सुरक्षा को मजबूत करने में केंद्र शासित प्रदेश का समर्थन करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

***********

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति के तहत शुरू की जा रही पहल "ऑपरेशन द्रोणगिरि" के प्रथम चरण में हरियाणा सहित पांच राज्यों को चयनित किया है। 'ऑपरेशन द्रोणगिरि' का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले भू-स्थानिक आंकड़ों को सेवा प्रदाताओं तक पहुंचाना है, ताकि कृषि, परिवहन, बुनियादी ढांचा, आजीविका एवं कौशल विकास जैसे क्षेत्रों की विशिष्ट चुनौतियों का समाधान किया जा सके। हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि हरियाणा में सोनीपत जिले को प्रायोगिक परियोजना के लिए चुना गया है। इस परियोजना की नोडल एजेंसी भारतीय सर्वेक्षण है । डॉ मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार ने हरियाणा में "ऑपरेशन द्रोणगिरि" के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय समितियां गठित की हैं। राज्य स्तरीय समिति की अध्यक्षता भूमि अभिलेख निदेशक करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास, आर्थिक समृद्धि एवं सूचना आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।

********

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि भारत में डायरेक्ट सैलिंग यानि सीधे बिक्री का बाजार 22 हज़ार करोड़ रुपए को पार कर गया है। वो आज चंडीगढ़ में आयोजित इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन के क्षेत्रीय

सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री नागर ने कहा कि आंकड़ें बताते हैं कि इस कारोबार से लगभग 88 लाख लोग जुड़े हैं। जो दर्शाता है डायरेक्ट सैलिंग (selling ) उद्योग महिलाओं को बिना किसी निवेश के रोज़गार तथा आय के वैकल्पिक साधन उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से डिग्री लेकर निकलने वाला युवा वर्ग भी इस कारोबार से जुड़ रहा है और इसे एक बेहतर कैरियर के तौर पर देखने लगा है । सम्मेलन में हरियाणा, पंजाब, जम्मू - कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ से बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी को सराहते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि कि हरियाणा सरकार ने हमेशा महिला शक्ति को प्रोत्साहित किया है।श्री नागर ने कहा लाड़ली योजना और ड्रोन दीदी जैसी कई योजनाएं लागू की हैं और पंचायत में महिला आरक्षण को साकार रूप दिया है। इस अवसर पर श्री नागर ने 50 से अधिक महिला उद्यमियों को डायरेक्ट सैलिंग क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया। श्री नागर ने डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया जिसमें उत्पादों में नवाचार और नए उद्योगों की विविधता को प्रदर्शित किया गया।

*******

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*******

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा हरियाणा में हिसार सहित 10 जिलों में फसल विविधीकरण एवं जल संरक्षण प्रोत्साहन योजना को शुरू किया गया है। योजना के तहत वर्ष 2025 के दौरान के तहत किसानों को धान की सीधी बुवाई हेतु प्रेरित करने के लिए विभिन्न मदों में सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। हिसार में उप कृषि निदेशक राजबीर सिंह बताया कि हिसार  जिले में इस योजना के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 10 हजार एकड़ में धान की सीधी बुवाई हेतु साढ़े करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

***********

उपनिदेशक सुखदेव सिंह के हवाले से बताया है कि इस वर्ष सिरसा जिला में धान रोपाई के लिए 3 लाख 80 हजार एकड़ भूमि पर बिजाई का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि किसानों को धान की सीधी बिजाई के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। धान की सीधी

बिजाई करने वाले किसानों को अब सरकार 4500 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहित राशि देगी।
उन्होंने बताया –

उन्होंने कहा कि फिलहाल धान की रोपाई के लिए मौसम प्रतिकूल है। उन्होंने कहा कि धान की नर्सरिया किसानों ने तैयार कर ली है जिनपर अत्यधिक गर्मी से प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। मौसम में आया बदलाव कपास, मूंग व धान के लिए फायदेमंद है ।

********

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है गुरुग्राम जिले के मानेसर स्थित आईकैट परिसर में होने वाला शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन शहरी स्थानीय शासन के विकास में एक नया अध्याय साबित होगा। यह सम्मेलन 3 और 4 जुलाई को होगा। श्री हरविन्द्र कल्याण आज विधान सभा सचिवालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्य सभा के सभापति हरिवंश, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि होंगे। श्री हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में स्थापित श्रेष्ठ प्रथाएं साझी होगी तथा यह विधायी निर्माण की बारीकियां और वित्त प्रबंधन के गुर सीखने का बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार होने वाला यह राष्ट्रीय सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न 'एक राष्ट्र एक विधायिका' की दिशा में बढ़ता हुआ महत्त्वपूर्ण कदम हैं।

******

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा किसान व पशुपालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से भिवानी के पशु विज्ञान केंद्र में सात दिवसीय डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण दिया गया।

पशु विज्ञान केंद्र के प्रभारी डा. आनंद प्रकाश ने बताया—

उन्होंने गर्मी में पशुओं की देखभाल को लेकर बताया –

******